उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार

संख्याः–36 / 23 / क.सहा. / G-2 / 2022-23 दिनांकः 04 मई 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **कनिष्ठ सहायक परीक्षा–2022** के अन्तर्गत लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 05 मार्च 2023 को आयोजित की गयी है। इस परीक्षा के विज्ञापन दिनांक 30 नवम्बर 2022 के क्रम में कम्प्यूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी टंकण / कम्प्यूटर संचालन के आधारभूत ज्ञान की अर्हकारी परीक्षा आयोजित होनी है। इस परिप्रेक्ष्य में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर श्रेणीवार / उपश्रेणीवार रिक्तियों के लगभग 05 गुना अनुपात में अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए कम्प्यूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी टंकण / कम्प्यूटर संचालन के आधारभूत ज्ञान की अर्हकारी परीक्षा हेतु सूची निर्गत की गयी है। इस सूची को अभ्यर्थियों के सूचनार्थ आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किया गया है। इस सूची के अभ्यर्थियों से विज्ञापित पदों के सापेक्ष ऑनलाईन वरीयता प्राप्त की जायेगी। तदक्रम में कम्प्यूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी टंकण / कम्प्यूटर संचालन के आधारभूत ज्ञान की अर्हकारी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों एवं अभिलेख सत्यापन में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को, उनके द्वारा पदों हेतु प्रस्तुत की गयी वरीयता तथा प्रवीणता सूची के आधार पर अंतिम चयन परिणाम जारी किया जायेगा। कम्प्यूटर पर हिन्दी व अंग्रेजी टंकण / कम्प्यूटर संचालन के आधारभूत ज्ञान की अर्हकारी परीक्षा की तिथि एवं ऑनलाईन वरीयता के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाईट पर पृथक से प्रसारित किये जायेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अंतिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के क्रम में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।